# इच्छाशक्ति की बदौलत स्वास्थ्य कार्यक्रमों में गुणात्मक सुधार करने की जरूरत: जिलाधिकारी

**राहुल, दैनिक समाज जागरण किशनगंज**

जिलावासियों को स्वास्थ्य सेवाओं का समुचित लाभ दिलाने के लिये विभागीय स्तर से आवश्यक प्रयास जारी हैं। ताकि उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं में सकारात्मक बदलाव संभव हो सके। रोगियों को ससमय चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध कराने के लिये जिलाधिकारी के निदेशानुसार स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी व कर्मियों के लिये निर्धारित ड्यूटी रोस्टर के अनुपालन के साथ सुनियोजित व सुव्यवस्थित तरीके से उपलब्ध सेवाओं का लाभ आम जन तक पहुंचाने की पहल की जा रही है। वहीं महत्वपूर्ण स्वास्थ्य मानकों में सुधार को लेकर लगातार प्रयास किया जा रहा है।इन्हीं बातों को लेकर स्वास्थ्य संबंधी मामलों की मासिक समीक्षात्मक बैठके समाहरणालय सभागारे में आयोजित की गयी।

जिलाधिकारी-सह- अध्यक्ष, जिला स्वास्थ्य समिति, श्रीकान्त शास्त्री की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में स्वास्थ्य संबंधी विभिन्न योजनाओं की गहन समीक्षा की गयी। स्वास्थ्य संबंधी मामलों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा में मिशन इन्द्रधनुष,परिवार नियोजन , मैटरनल हेल्थ, चाइल्ड हेल्थ, इंफ्रास्ट्रक्चर, इम्युनाइजेशन, टीबी ट्रीटमेन्ट व एफआरयू से जुड़ी सेवाओं में निर्धारित मानकों में जिले का प्रदर्शन बेहतर रहा है।

बैठके में सिविल सर्जन डॉ कौशल किशोर,जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी,जिला गैर संचारी रोग पदाधिकारी ,संचारी रोग पदाधिकारी , भीवीडीसीओ ` सदर अस्पताल उपाधीक्षक , डीपीएम, सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंन्धक सहित अन्य मौजूद थे।

### इच्छाशक्ति की बदौलत स्वास्थ्य कार्यक्रमों में गुणात्मक सुधार करने की आवश्यकता

--जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने स्वास्थ्य कार्यक्रमों से संबंधित मासिक समीक्षात्मक बैठक के दौरान कहा कि इच्छाशक्ति की बदौलत जिले में सरकार प्रायोजित विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य कार्यक्रमों में काफी हद तक सुधार किया जा सकता है।क्योंकि जब तक रेफर करने की प्रवृति को बंद नहीं किया जाएगा तब तक अपने कार्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन नहीं किया जा सकता है। इसके लिए विभिन्न अस्पतालों में कार्यरत सभी विभागों के अधिकारियों की ससमय उपस्थिति, सकारात्मक प्रबंधन, स्वास्थ्य संस्थानों में इलाज कराने वाले मरीज या



अभिभावकों के साथ कुशल व्यवहार के साथ ही त्वरित कार्रवाई कर रोगियों के साथ सहयोगात्मक रवैया अपनाते हुए उसका उपचार करना अतिमहत्वपूर्ण है। वहीं सभी एमओआईसी को निर्देश दिया गया कि प्रत्येक महीने बेहतर कार्य कर संबंधित अधिकारियों को सूचित करें। ताकि शीर्ष स्थान प्राप्त करने वाले चिकित्सा पदाधिकारियों को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जा सके। इसके लिए सिविल सर्जन को आवश्यक रूप से दिशा- निर्देश दिया गया है।

### ग्रामीण क्षेत्रों में एचडब्लूसी एवं एचएससी को सुदृढ करने का निर्देश :

--जिलाधिकारी के द्वारा बैठक में कहा गया कि ग्रामीण क्षेत्रों में आम लोगों तक जरूरी स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच आसान करने के उद्देश्य से सभी हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर तथा हेल्थ सब सेंटर में लगातार सेवा देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के साथ एचडब्ल्यूसी एवं एचएससी में स्वास्थ्य संबंधी जरूरी परामर्श के साथ महत्वपूर्ण सामाजिक मुद्दों पर लोगों के व्यवहार परिवर्तन के लिए जागरूक करने को मंच भी है। इसके साथ-साथ प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा, जैसे ट-ीकाकरण, प्रसव पूर्व देखभाल, पोषण वृद्धि निगरानी तथा प्रारंभिक शिशु विकास संबंधी सेवाएं प्रदान करने का बेहतर जरियो है।साथ ही, मंगलवार को सभी चिकित्सा संस्थानों में आयोजित एएनएम की सप्ताहिक समीक्षात्मक बैठक में जरूरी दिशा निर्देश भी दिये गये। जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थानों में ओपीडी संचालन ससमय करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि अस्पताल के प्रसव कक्ष, अस्पताल परिसर,ओटी, परिसर की पूरी साफ सफाई की जाय। मरीजों को ससमय भोजन,दवा उपलब्ध करने का निर्देश दिया। प्रखंड के स्वास्थ्य केन्द्रों पर उपलब्ध दवाओं के अलावा बाकी अन्य दवाओं को अविलम्ब क्रय करने का आदेश दिया गया है।

### सुव्यवस्थित तरीके से लोगों तक पहुंचायें से-वाओं का लाभ

-सिविल सर्जन डॉ कौशल किशोर ने कहा कि जिलाधिकारी महोदय के दिशा निर्देश के आलोक में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं को सुनियोजित व सुव्यवस्थित किया जाना जरूरी है। ताकि उपलब्ध सेवाओं का समुचित लाभ आम लोगों तक पहुंच सके। इसके लिये उन्होंने निर्धारित ड्यूटी रोस्टर के अनुपालन को जरूरी बताया। अधिकारी व कर्मियों के बीच सामान्य रूप से कार्य व दायित्वों के निवर्हन की जिम्मेदारी होनी चाहिये। संबंधित विभाग से जुड़े सभी दस्तावेज अद्यतन होनी चाहिये। इसकी उपलब्धता भी बरकरार रहनी चाहिये। ताकि अधिकारियों द्वारा निरीक्षण के क्रम में इसका समुचित ढंग से अवलोकन संभव हो सके। उन्होंने मिशन परिवार विकास अभियान की सफलता को लेकर स्वास्थ्य अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिये।

### अगस्त माह में जिले में हुए कुल 2483 संस्थागत प्रसव-

गर्भवती महिलाओं की नियमित एएनसी जांच संबंधी मामले की समीक्षा के क्रम में अगस्त माह में बढ़िया प्रदर्शन की सराहना की गई ।बीते अगस्त माह में एएनसी जांच मामले में जिले की उपलब्धि 100 फीसदी थी। प्रथम तिमाही में गर्भवती महिलाओं को चिह्नित करते हुए पूरे प्रसव काल के दौरान चार एएनसी जांच सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। बताया कि जिले में 14 स्थानों पर प्रसव संबंधी सुविधाएं संचालित हैं। माह अगस्त में जिले में कुल 2483 संस्थागत प्रसव हुए। वहीं 20 सी सेक्सन प्रसव भी करवाया गया है। माह अगस्त में गर्भवती माताओं एवं नवजात शिशुओं के लिए चलाये जा रहे कार्यक्रम में प्रसव पूर्व 4 जांच 82 % किया गया।

### मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना में दूसरे स्थान पर जिला -

-समीक्षा के क्रम में जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी, डॉ देवेन्द्र कुमार ने बताया कि पूरे सूबे में मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना में अपना जिला दूसरे स्थान पर है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना का उद्देश्य कन्या के जन्म को प्रोत्साहित करना एवं कन्या भ्रूण हत्या को रोकना है। योजना की सहायता से लिंग अनुपात में वृद्धि लाना एवं बालिका शिशु मृत्यु दर कम करने की भी है। उन्होंने कहा कि बाल विवाह पर अंकुश लगाने एवं बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने में भी योजना महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहा है। योजना का बृहद उद्देश्य बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाकर समाज की मुख्यधारा में लाना है। ताकि महिला सशक्तिकरण की राह को आसान बनाया जा सके।

## ब्लिट्ज शतरंज में रोहन प्रथम, रूद्र द्वितीय

**राहुल, दैनिक समाज जागरण किशनगंज**

विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर जिला शतरंज द्वारा रविवार के दिन इंडोर स्टेडियम डुमरिया में एक निःशुल्क ब्लिट्ज शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें रोहन कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि रूद्र तिवारी द्वितीय स्थान पर रहे।



इस संबंध में संघ के मानद महासचिव शंकर नारायण दत्ता एवं वरीय संयुक्त सचिव-सह-आयोजन सचिव कमल कर्मकार ने जानकारी दी की शतरंज खेल का यह प्रारूप समानतः खेले जाने वाले क्लासिकल प्रारूप से भिन्न है। इस खेल के अंतर्राष्ट्रीय नियामक संस्था फिडे द्वारा मान्यताप्राप्त इस प्रारूप में प्रत्येक खिलाड़ी को अपने खेल को समाप्त करने के लिए 2 सेकंड इंक्रीमेंट के साथ महज 3 मिनट का ही समय दिया जाता है। अतः प्रतियोगिता के इस तय प्रारूप में द्रुत गति से खेलते हुए रुद्र के बाद क्रमशः मोहम्मद अमानुल्लाह, धान्वी कर्मकार, आयुष कुमार, सार्थक आनंद, युवराज साहा, मोहम्मद अयान, आरव कुमार एवं आरव राज ने शीर्ष के10 स्थानों पर अपनी-अपनी जगह बनाई। इस प्रतियोगिता के करीब दो दर्जन प्रतिभागियों में से शेष इनके पीछे-पीछे रहे।

संघ के नव मनोनीत संरक्षक, भाजपा के जिलाध्यक्ष सुशांत गोप के साथ-साथ अन्य पदाधिकारीगण यथा हृदय रंजन घोष, राकेश जैन, आयेशा खातून, मनोज मजूमदार, नवीन कुमार सिंह, बासुकी नाथ गुप्ता, विशाल जैन, एजाज सोहेल, सुरोजीत दास, पूर्ण कुमार सिंह, निशान सिंह एवं श्रीमती रूमी सिन्हा ने विजेता खिलाड़ियों को बधाइयां दी हैं।

## भक्तिभाव के साथ पूजे गए भगवान विश्वकर्मा

**बिभूति भूषण भद्र दैनिक समाज जागरण झाड़ग्राम जिला संवाददाता**

जिला मुख्यालय झाड़ग्राम समेत गोपीबल्लभपुर नयाग्राम बिनपुर संकराइल जामबोनी आदि जगहों पर भगवान विश्वकर्मा की पूजा भक्तिभाव एवं हर्षोल्लास के साथ पूजे गये। विभिन्न पूजा पंडालो के अतिरिक्त लोग दुकानों प्रतिष्ठानों में भगवान विश्वकर्मा का प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की। पूजा अर्चना के पश्चात लोगों के बीच प्रसाद व भोग वितरण किया गया। शाम के समय के पूजा पंडालो में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजन किए गए हैं। विश्वकर्मा पूजा को लेकर लोगों में काफी उत्साह देखा गया।



# ठाकुरगंज प्रखण्ड को मिला 13 पूर्णकालिक प्रधानाध्यापक।

● किशनगंज जिले के एक शिक्षिका सहित 86 शिक्षकों का प्रधानाध्यापक पद पर प्रोन्नति।

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता, ठाकुरगंज (किशनगंज) :-**

शिक्षा विभाग, बिहार के निदेर्शानुसार प्रोन्नति का बाट जोह रहे जिला संवर्ग के स्नातकोत्तर प्रशिक्षित और स्नातक प्रशिक्षित प्रारंभिक शिक्षक-शिक्षिकाओं को गैर वित्तीय लाभ के पूर्णकालिक प्रधानाध्यापक के रिक्त पदों पर प्रोन्नति देना है।

उक्त आदेशालोक में किशनगंज जिले में एक महिला शिक्षिका सहित कुल 86 स्नातक प्रशिक्षित शिक्षकों को पूर्णकालिक प्रधानाध्यापक पद पर प्रोन्नति देते हुए रिक्ति से सम्बंधित विद्यालयों में पदस्थापना की गयी है।

उक्त 86 प्रोन्नति प्राप्त शिक्षक-शिक्षिकाओं की सूची में ठाकुरगंज को कुल 13 पूर्णकालिक प्रधानाध्यापक मिले हैं जिनमें एक महिला शिक्षिका श्रीमती इंद्राणी दत्ता शामिल हैं। श्रीमती दत्ता को मध्य विद्यालय चुरली में पदस्थापित किया गया है। इनके अलावे श्री श्याम सुंदर यादव को उत्क्रमित मध्य विद्यालय धुमगढ़, श्री उपेन्द्र बैठा को उत्क्रमित मध्य विद्यालय कुंजीमारी, श्री भीम रजक को उत्क्रमित मध्य विद्यालय कच्चूदह, मो फ़तहुल बारी को उत्क्रमित मध्य विद्यालय बेहबुल डाँगी, श्री विमल कुमार सिन्हा को




उत्क्रमित मध्य विद्यालय पैकपाड़ा, मो जहांगीर आलम को उत्क्रमित मध्य विद्यालय बैरागीझार, श्री उमेन्द्र आजाद को उत्क्रमित मध्य विद्यालय डाँगी बस्ती, श्री प्रदीप पासवान को उत्क्रमित मध्य विद्यालय निम्बूगुरी, श्री माणिक चंद बसाक को उत्क्रमित मध्य विद्यालय खारुदह, श्री ब्रज किशोर टुडू को उत्क्रमित मध्य विद्यालय नेंगरा डूबा, श्री महेन्द्र प्रसाद गणेश को उत्क्रमित मध्य विद्यालय फाटा मारी, श्री अमरनाथ पंडित को उत्क्रमित मध्य विद्यालय पटेश्वरी में पूर्णकालिक प्रधानाध्यापक पद पर पदस्थापित किया गया है।

इस क्रम में ठाकुरगंज के ऐसे कई उत्क्रमित मध्य विद्यालय अब भी पूर्णकालिक प्रधानाध्यापक का इंतजार करने को विवश रह गए जो माध्यमिक विद्यालय के रूप में कई वर्ष पूर्व ही उत्क्रमित हो चुके थे।

अब यह देखना दिलचस्प होगा कि स्नातक प्रशिक्षित के पद पर प्रोन्नति का इंतजार कर रहे मैट्रिक प्रशिक्षित और 34540 कोटि में बहाल मैट्रिक प्रशिक्षित व उच्च योग्यताधारी शिक्ष-ाकों को कबतक विभागीय आदेशालोक में प्रोन्नति देते हुए पदस्थापित किया जाना है।

उम्मीद की जा सकती है कि पूर्णकालिक प्रधानाध्यापक पद से वंचित रह गये वैसे उत्क्रमित मध्य विद्यालय जो माध्यमिक विद्यालय के रूप में उत्क्रमित हो गए हैं, में कम-से-कम एक प्रोन्नति प्राप्त करने वाले स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक को अवश्य ही पदस्थापित किया जा सकेगा।

# परम्परा : पति के साथ परिवार में सौभाग्य सुनिश्चित करने के लिए मनाया गया हरतालिका तीज

● *पति–पत्नी के बीच प्रेम, देखभाल और अटूट समर्पण का पर्व है तीज*

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

गलगलिया(किशनगंज) । सोमवार को गलगलिया आसपास क्षेत्रों में हरतालिका तीज हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यह भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया को मनाई जाती है । इसी सिलसिले में गलगलिया व आसपास की अनेकों महिलाओं ने आजे हरतालिका तीजे मनाया । कई महिलाओं ने बताया कि हम अपने पति की सुरक्षा और लंबी उम्र के लिए 24 घंटे तक निर्जला व्रत रखती हैं। फिर हम सभी सोलह श्रृंगारे के साथ भगवान शिव एवं माता पार्वती की पूजा करते हैं और कुछ अनुष्ठानों का पालन करके अगले दिन अपने पति को देखकर ही अपना उपवास तोड़ते हैं।



आरती राये ने बताया कि हरतालिका तीज पति-पत्नी के बीच प्रेम, देखभाल और अटूट समर्पण का पर्व है।


वहीं रूबी राय ने बताया कि हरतालिका तीजे प्यार, रिश्ते और सुहाग का उत्सव है और हम अपने पति के साथ परिवार में सौभाग्य सुनिश्चित करने के लिए एक दिन का उपवास रखते हैं।

पुरोहित आनंद पांडेय ने बताया कि हरतालिका तीज के दिन भगवान शिव माता पार्वती का पुनर्मिलन हुआ था ।माता पार्वती ने भगवान शिव को पति के रूप में पाने के लिए कठोर तप किया था । इस तप को देखकर भगवान शिव ने उन्हें दर्शन दिए माता पार्वती को अपनी पत्नी के रूप में स्वीकार किया ।तभी से मनचाहे पति की इच्छा लंबी आयु के लिए हरतालिका तीज का व्रत रखा जाता है । इसे सुहाग का पर्व भी कहते हैं ।

## मारवाड़ी कॉलेज किशनगंज के पूर्व हिन्दी विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. मेजर उमेश नन्दन सिन्हा का देहावसान

**बीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

18 सितंबर। मारवाड़ी कॉलेज, किशनगंज के पूर्व हिन्दी विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. मेजर उमेश नन्दन सिन्हा 85 वर्ष का देहावसान दिनांक 17 सितम्बर र-विवार को हृदयगति रुक जाने के कारण लखनऊ में हो गया। वे कुछ दिनों से बीमार चल रहें थे और वहीं अस्पताल में भर्ती थे।पटना से प्र-काशित आर्यावर्त से शुरू की थी। प्रो.डॉ.मेजर उमेश नन्दन सिन्हा बीएनएमयू, मधेपुरा के यूनिवर्सिटी प्रोफेसर रहे और मारवाड़ी कॉलेज में एनसीसी यूनिट के संस्थापक भी रहे थे।



वे किशनगंज में पत्रकारिता के एक स्तंभ थे और हिंदी दैनिक ह्यआर्यावर्तह्न, ह्यप्रदीपह्न ह्यहिन्दुस्तानह्न एवं ह्यदैनिक जागरणह्न से जुड़े रहे थे।साथ ही डॉ सिन्हा इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी किशनगंज के सचिव के रूप में भी अपनी सेवा दे चुके हैं। उनके देहांत होने से किशनगंज ज़िले में उनके छात्रों एवं उनके जाननेवालों तथा परिजनों में शोक व्यक्त है।

# शिक्षण में सुधार के लिए पांच पांच स्कूलों को गोद लेंगे अधिकारी

**समाज जागरण जिला ब्यूरो प्रभात कुमार मिश्रा**

भागलपुर (बिहार)शिक्षा विभाग द्वारा सरकारी स्कूलों में पढ़ाई की गुणवत्ता सुधारने के लिए इस सत्र कई कवायद किए जाएंगे. इसके तहत शिक्षा विभाग के अधिकारी जिले के कमजोर स्कूलों को गोद लेंगे. डी-ईओ, बीईओ, बीआरसी, बीआरपी व अन्य विभागीय अधिकारी द्वारा स्कूलों को गोद लिया जाएगा. इसकी प्रक्रिया भी चल रही है. शिक्षा विभाग के अधिकारियों के अनुसार इसकी कवायद शुरू हो चुकी है. प्रवेशोत्सव के दौरान ही सभी अधिकारी ऐसे स्कूलों को चिन्हांकित करेंगे. इसी के तहत भागलपुर जिले के स्कूल को भी अब शिक्षा विभाग गोद लेगा. इस्-ाको लेकर चिट्ठी जारी की गई है. शिक्षा विभाग के द्वारा शिक्षा के स्तर को सुधारने को लेकर यह तैयारी है. इस बार जिला शिक्षा पदाधिकारी को स्कूलों को गोद लेने का फरमान जारी किया गया था. इसको लेकर डीईओ संजय कुमार ने बताया कि हमलोग इसको लेकर तैयारी कर रहें हैं. उन्होंने बताया कि जिले के 5 दियारा क्षेत्र एवं ग्रामीण स्कूल को गोद लिया जाएगा.

**बच्चों की उपस्थिति पर रहेगा विशेष ध्यान ,खेल को दिया जाएगा बढ़ावा**

भागलपुर के जिला शिक्षा पदाधिकारी संजय कुमार ने बताया कि हमलोग गांव के ही स्कूलों को गोद लेंगे. खास कर वैसे स्कूल जिसमें बच्चों



की उपस्थिति कम हो. वैसे स्कूलों में बच्चे के उपस्थिति को कैसे बढ़ाया जाए इस पर विशेष ध्यान दिया जाएगा. वहीं उन्होंने बताया कि बच्चों को अलग एक्टिविटी भी सिखाई जाएगी. उन्होंने बताया कि बच्चों को जरूरत है खेल खेल में शिक्षा देने की. सबसे ज्यादा अगर किसी चीज पर ध्यान देना है तो वह है कि शिक्षा बेहतर कैसे हो. साथ ही उन्होंने कहा कि हम लोगों की को-शिश है विद्यालयों में मैदान हो ताकि बच्चे खेल को भी सीख सकें. उन्होंने बताया कि दियारा इलाके के स्कूलों को हमलोग गोद लेने के लिए सोच रहे हैं. खासकर वैसे स्कूलों को गोद लेने के बाद वहां के बच्चे पढ़ाई में अव्वल आ सकेंगे..क्योंकि इन सब क्षेत्र के बच्चे स्कूल नहीं जाते हैं, उन्होंने बताया कि कई बार हम लोग जिला में कार्यक्रम करते हैं. उसमें इन सब जगह के बच्चे भाग भी नहीं लेते हैं. अलग-अलग एक्टिविटीज को सीखना भी बच्चों के लिए काफी लाभदायक होता है. आगे चलकर उन्हें अपने भविष्य को उज्जवल बनाने में मदद करता है. इन सब चीजों पर भी विशेष ध्यान रखा जाएगा.*इन प्रखंड के स्कूल लिए जा सकते हैं गोद*

जिला शिक्षा अधिकारी संजय कुमार ने बताया कि इस बार हमलोग खास कर दियारा क्षेत्र के स्कूलों को गोद लेंगे. ताकि वहां के बच्चों की शिक्षा व्यवस्था सुधरे. सुदूर इलाके में बच्चे स्कूल नहीं जाना चाहते हैं. लेकिन इसकी स्थिति में सुधार लाया जाएगा. इसमें नवगछिया, पीरपैंती, कहलगांव जैसे दियारा इलाकों में पड़ने वाले स्कूलों को गोद लेने पर विचार किया जा रहा है

# एनटीपीसी कहलगाँव में विश्वकर्मा पूजन एवं श्रम कल्याण दिवस धूमधाम से मनाया गया

**समाज जागरण**

एनटीपीसी कहलगाँव में भगवान विश्वकर्मा पूजा का आयोजन 17 सितंबर 2023 को किया गया। इस अवसर पर श्री एन.पी.शाहर, परियोजना प्रमुख (कहलगाँव) ने प्लांट एवं आवासीय परिसर में आयोजित पूजा में भगवान विश्वकर्मा जी के मूर्ति के समक्ष पूजा अर्चना की और पावर स्टेशन के सुचारू एवं सुरक्षित रूप से प्रचालन, संयंत्रों के उचित रखरखाव तथा समस्त कर्मचारियों और उनके परिजनों और कॉन्ट्रैक्ट वर्कर्स की स-ुरक्षा एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की ।बिहार सरकार श्रम मंत्रालय के निदेर्शानुसार विश्वकर्मा जयंती को श्रम कल्याण दिवस के रूप में मनाने के आलोक में एनटीपीसी कहलगाँव में विश्वकर्मा जयंती को श्रम कल्याण दिवस के रूप में मनाया गया जिसका विधिवत शुभारंभ श्री एन.पी.शाहर, परियोजना प्रमुख (कहलगाँव) ने सुजाता प्रेक्षागृह में किया । श्री एन.पी.शाहर, परियोजना प्रमुख (कहलगाँव) ने अपने संबोधन में कहा कि कहलगाँव परियोजना को 2340 मेगावाट क्षमता हासिल करने में आप श्रमिक बंधुओं का रचनात्मक सहयोग एवं श्रम शक्ति को मैं नमन करता हु एवं इस 2340 मेगावाट की पूर्ण क्षमता पर प्रचालन करने में आपके संपूर्ण सहयोग एवं सुरक्षित कार्यनिष्पादन की अपील करता हूँ ।इस अवसर पर श्री सौरव शर्मा, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) ने अपनी शुभकामनाएँ प्रेषित की एवं सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि श्रमिकों को विभिन्न सुविधाओं का लाभ नियमानुकूल मिलता रहा है और इसे उत्तरोतर प्रभावी बनाने में हमारा प्रयास निरंतर जारी रहेगा, जिससे सभी श्रमिक बंधुओं को एक आदर्श कार्य स्थल मिल सके ।




इस अवसर पर श्री एन.पी.शाहर, परियोजना प्रमुख (कहलगाँव), ने एनटीपीसी परियोजना में अपने कार्य क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु 450 संविदा श्रमिक को पुरस्कार देकर उनके कार्यनिष्पादन एवं टीम भावना की सराहना की ।इस अवसर पर श्री बी0 राजेन्द्र कुमार, महाप्रंधक (प्रचालन ) श्री राकेश चौहान, महाप्रबंधक (एफजीडी) श्री हफिजूर रहमान मलिक, महाप्रबंधक (एफएम), डॉ॰ सुष्मिता सिंह, सीएमओ (जीवन ज्योति अस्पताल) , श्री सौरव शर्मा, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) एवं बड़ी संख्या में श्रमिकगण उपस्थित थे ।

## LIC अभिकताओं एवं कर्मचारियों के हित में 4 बड़े ऐलान, सुनते ही गोपालगंज के अभिकर्ता एवं कर्मचारी खुशी में झूम उठे

*भारत सरकार के ऐलान से 13 लाख अभिकताओं को मिलेगा लाभ*

**दैनिक समाज जागरण जिला ब्यूरो शैलेश कुमार तिवारी**

गोपालगंज- बिहार- भारतीय जीवन बीमा निगम गोपालगंज के अभिकताओं एवं कर्मचारियों में उस समय खुशी की लहर दौड़ गयी जिस समय भारत स-रकार द्वारा भारतीय जीवन बीमा निगम के तेरह लाख अभिकताओं एवं लगभग एक लाख कर्मचारियों के हित की रक्षा के लिए चार बड़े स्कीम को मंजूरी मील गयी




आपको बता दें कि चार स्कीम के तहत पूरे भारत के लगभग तेरह लाख अभिकताओं एवं एक कर्मचारियों को वित मंत्रालय द्वारा ग्रेच्युटी सीमा,रेन्यवल कमिशन की पात्रता, टर्म इंश्योरेंस कवर और फैमिली पेंशन के लिए एक समान रेट को मंजूरी दी हैं

भारत सरकार के इस स्कीम के लागू होते ही गोपालगंज लियाफी के अध्यक्ष प्रमोद कुमार सिंह तथा सचिव अजय कुमार तिवारी इत्यादि के साथ साथ सभी अभिकताओं एवं कर्मचारियों में खुशी का माहौल देखने को मिला गोपालगंज लियाफी के अध्यक्ष प्रमोद कुमार सिंह तथा सचिव अजय कुमार तिवारी ने बताया कि यह लियाफी की एक बहुत बड़ी जीत हैं

उन्होंने बताया कि एलआईसी एजेंट्स के लिए अब ग्रेच्युटी लिमिट को 3 लाख रुपये से बढ़ाकर 5 लाख रुपये कर दिया है. वहीं जिन एजेंट्स को एलआईसी में री-अपॉइंट किया जाएगा, उन्हें रीन्यूएबल कमीशन का फायदा मिलेगा. ये ऐसे एजेंट्स की फाइनेंशियल स्टेबिलिटी को बेहतर करेगा. अभी एलआईसी एजेंट्स को रीन्यूएबल बिजनेस पर कमीशन नहीं मिलता है. ना ही ऐसे किसी बिजनेस पर जो उन्होंने अपनी किसी पुरानी एजेंटशिप के वक्त किया होता है. अब एलआईसी एम्प्लॉइज और एजेंट्स के टर्म इंश्योरेंस कवर को 3,000-10,000 रुपये से बढ़ाकर 25,000-1.50 लाख रुपये कर दिया गया है. वहीं फैमिली पेंशन अब सभी को एक यूनिफॉर्म 30 प्रतिशत के रेट से दी जाएगी.

# बांका विधायक ने सदर अस्पताल का किया निरीक्षण मरीजो को मिलने वाली सुविधाओं का लिया जायजा

**समाज जागरण सुमित कुमार**

बांका( बिहार) बांका विधायक ने सदर अस्पताल का किया निरीक्षण मरीजो को मिलने वाली सुविधाओं का लिया जायजा, बिहार सरकार के पूर्व मंत्री शह बांका के विधायक रामनारायण मंडल ने सोमवार को सदर अस्पताल का निरीक्षण किया, इस दौरान उन्होंने.O.P.D वार्ड एवं अन्य वार्ड सहित का निरीक्षण किया, वही मरीजो को मिलने वाली सुविधाओं का भी जायजा लिया साथ ही साथ विधायक ने कई मरीजो से



बात भी की इस दौरान विधायक ने सदर अस्पताल के प्रबंधक सुनील कुमार चौधरी को कई आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए!

# भागलपुर में शांति सद्भाव से मनाएं जाएंगे गणेश पूजा ।पूजा समिति समिति के अध्यक्ष, पप्पू यादव

**समाज जागरण**

भागलपुर -(बिहार ) भागलपुर नाथनगर में बड़े ही उत्साह के साथ मनाऐ जाऐगे गणेश पूजा। पूजा समिति के अध्यक्ष श्री पप्पू यादव ने बताया कि पहले गणेश पूजा बिहार में नाम मात्र ही, मनाया जाता था लेकिन अब ऐसा नहीं है अब पुरे बिहार में हर शहर में श्रद्धालु गणेश पूजा बड़े ही उत्साह के साथ अब मनाते हैं हमारे भागलपुर नाथनगर रेशमी शहर में भी अब बड़े पैमाने पर हर जगह बड़े ही श्रद्धा पूर्वक गणेश पूजा मनाए जाते हैं। पूजा समिति अध्यक्ष श्री पप्पू यादव ने कहा कि डीजे पर 6 साल से पाबंदी है इसलिए गणेश पूजा में डीजे नहीं बाजाऐ हमारे पूजा समिति के लोग सभी स्थानों पर जाकर सभी को जानकारी दे दिया जाएगा प्रशसान का भी भरपुर सहयोग मिल रहा है पूजा में हलाकि भक्ति भजन के लिए कम



ध्वनि का उपक्रम इस्तेमाल कर सकते हैं इस पर कोई पाबंदी नहीं है पूजा समिति के अध्यक्ष श्री पप्पू यादव ने कहा कि जहां - जहां गणेश पूजा होगा वहां हमारे पूजा समिति के कार्यकर्ता शांति सद्भाव अस्थापित करने के लिए प्रयास में लगे रहेंगे, श्री यादव ने कहा गणेश पूजा गणेश पूजा में किसी भी तरह परेशानी हो तो आप पूजा समिति को बताएं पूजा समिति यह जानकारी जिला प्रशासन को मुहैया कराएगी ताकि गणेश पूजा में शांति सद्भाव व भाईचारे के साथ सम्पन्न किए जा सकें।इस मौके पर उपस्थित पूजा समिति अध्यक्ष श्री पप्पू यादव, महामंत्री देवाशीष बनर्जी, संरक्षक भावेश यादव, अशोक राय, अभिनंदन यादव, प्रवीण यादव, मास्टर विक्रम यादव,दिलीप मालाकार,राजू मलाकार, अमरकांत मंडल, शिव-शंकर सिंह, पप्पू मंडल, भागवत रंजक, रंजीत यादव, अशोक सिंह,मानव बाबा, संतोष बाबा समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे

## बांका बलियामहारा के पास सड़क दुर्घटना में दो बाइक सवार युवक हुआ जख्मी

**समाज जागरण सुमित कुमार**बांका (बिहार) बांका थाना क्षेत्र के बलियामहा-रा के पास सोमवार को सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया दोनों युवक का सदर अस्पताल में प्राथमिक उपचार किया गया, बताया गया कि कोरिया गांव निवासी अजय कुमार एवं विजय कुमार बाइक से अपने घर जा रहे थे, इस दौरान बलियामहारा के पास बाइक तेज रफ्तार में रहने के करण ओनियंत्रित होकर गाड़ी गिर पड़ी जिसमें दोनों युवक गिरकर गंभीर रूप से जख्मी हो गया!

# कक्षा 3, 4 एवं 5 के शिक्षकों का 6 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण बुनियाद 2 हुआ संपन्न

**अररिया/फारबिसगंज ।**
राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) पटना के निदेर्शानुसार 11 सितंबर से 16 सिंतबर तक जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) फारबिसगंज में बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान के अंतर्गत बच्चों को निपुण बनाने, बच्चों में कक्षा के अनुरूप ज्ञान, कौशल एवं दक्षता का विकास करने, निपुण बिहार के लक्ष्यों को प्राप्त करने एवं राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण में बिहार राज्य की स्थिति को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से आयोजित कक्षा 3, 4 एवं 5 के शिक्षकों का 6 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण बुनियाद 2 सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस प्रशिक्षण में अररिया जिले से कक्षा 03 से 05 के कुल 185 प्रशिक्षुओ ने भाग लिया। इस प्रशिक्षण में प्रशिक्षक सुषमा वर्मा, शालिनी कुमारी, सचिन कुमार, अशोक प्रसाद, राकेश कुमार, अरविंद प्रभात, मनोज कुमार, गांधी मिस्त्री, सत्य प्रकाश, नीतीश कुमार, महेश कुमार, मो शाहनवाज आलम के द्वारा प्रशिक्षण के क्रम में प्रशिक्षुओं को भाषा एवं गणित शिक्षण में कठिनाइयां एवं समाधान, बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान के घटक, अधिगम प्रतिफल से संबंधित



संभावित गतिविधियां, एफएलएन किट का प्रयोग एवं आईसीटी का शिक्षा में उपयोग की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण सत्र की शुरूआत प्रतिदिन योगा क्लास से एवं समाप्ति राष्ट्रगान से किया गया। प्राचार्य, आफताब आलम के अनुसार यह प्रशिक्षण सभी शिक्षको को निर्धारित समयांतराल दिया जाएगा। प्रशिक्षण के अंतिम दिन सत्र समापन होने के उपरांत बैच 04 के सभी प्रशिक्षुओं द्वारा डायट में पदस्थापित सभी व्याख्याताओं को सम्मानित किया गया। सम्मानित करने वालों में कुसाकांटा से दीपरत्न राय, मनटी कुमारी, अनिता कुमारी, अररिया से सुमित कुमार आनंद, वहिदुर रहमान, रवि शंकर, जमिलुद्दीन दीनानाथ मिश्र, चन्दन सदा, प्रकाश भारती, सुमन कुमारी, सबिता मालाकार, फारबिसगंज से दीवाकर कुमार, भवेश झा, रंजेश सिंह, संजय विश्वास, प्रभात कुमार, रानीगंज से रोमा कुमारी, मौसम कुमारी का नाम शामिल है।

# प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग माध्यम से किया गया लोकार्पण समारोह

## *पूर्व उप मुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद लोकप्रिय सांसद प्रदीप सिंह विधायक मंचन केशरी आदि रहे मौजूद*

**फारबिसगंज ।**
फारबिसगंज विधानसभा अन्तर्गत रेणु गांव स्थित अतिपिछड़ा मोर्चा के जिला अध्यक्ष श्री दिलीप पटेल जी के आवास पर विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग माध्यम से लोकार्पण समारोह आयोजित की गई।इस अवसर पर बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री श्री तारकिशोर प्रसाद जी, अररिया के लोकप्रिय सांसद श्री प्रदीप कुमार सिंह जी, फारबिसगंज विधायक मंचन केशरी,नरपतगंज के माननीय विधायक श्री जयप्रकाश यादव जी, पूर्व विधायक श्री लक्ष्मी नारायण मेहता जी, पूर्व विधायक परमानंद ऋषिदेव जी, भाजपा जिला अध्यक्ष आदित्य नारायण झा,पूर्व जिलाध्यक्ष आलोक भगत जी,पूर्व जिलाध्यक्ष श्री संतोष सुराणा जी,श्री कृष्ण कुमार सेनानी जी, भाजयुमो जिला अध्यक्ष आकाश राज जी, श्री शशिनाथ झा जी, दिलीप मेहता जी, श्री प्रताप नारायण मंड़ल जी एवं सभी मंड़ल अध्यक्षगण , पार्टी के सभी सम्मानित कार्यकर्त्तागण उपस्थित थे। फारबिसगंज विधान सभा क्षेत्र के औराही पूरब पंचायत के सिमराहा में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्रद्धेय नरेंद्र



मोदी जी के जन्म दिवस के अवसर पर "प्रधानमंत्री विश्व कर्मा योजनान्तर्गत" छोटे-छोटे कामगारों के साथ योजना को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।उक्त कार्यक्रम में बिहार के पूर्व उपमुख्य मंत्री कटिहार के सदर विधायक सह लोक लेखा समिति के सभापति श्रद्धेय तारकिशोर प्रसाद जी "मुख्य अतिथि" के साथ रहकर अपनी बातों को विस्तार से रखा।आदरणीय मुख्य अतिथि के द्वारा शुभारंभ किये जा रहे योजना का लाभ कामगारों को प्राप्त हो इसकी जानकारी साझा की गई। मौके पर लोक सभा विस्तारक पारस नाथ साह जी, ,भाजपा नेत्री जय रानी जी, विधान सभा प्रभारी रंजीत मिश्रा जी, अतिपिछड़ा के प्रदेश मंत्री भानू राय जी, मंडल अध्यक्ष विपीन मेहता जी सहित भाजपा के वरिष्ठ नेतागण एंव बड़ी संख्या में ग्रामीण बन्धुगण उपस्थित रहे।

# डालमिया फैक्ट्री गेट पर धरना देने वाले जनप्रतिनिधि समेत 500 लोगों के विरुद्ध गैर जमानती मुकदमा दर्ज

## *धरना पड़ा महंगा, अब जाना होगा जेल*

**दैनिक समाज जागरण अमन गुप्ता,रोहतास**
बीते दिनों डालमिया सीमेंट फैक्ट्री मे काम करने के दौरान तीन मजदूर भीष्ण हादसे के शिकार हो गए थे। जिसमें औरंगाबाद निवासी संजीव कुमार की मौके पर ही मौत हो गई थी, वही बंजारी निवासी मजदूर अशोक पासवान की इलाज के दौरान पटना के बंद हॉस्पिटल में बीते 10 सितंबर को मौत हुई। मृतक अशोक पासवान की डेड बॉडी लेकर परिवार वाले समेत स्थानीय जनप्रतिनिधि आम जनता एवं जन संघर्ष समिति के सदस्य भी उनके आंदोलन में हिस्सा लेने 11 सितंबर की सुबह फैक्ट्री गेट के बाहर परिवार वालों के साथ अपनी मुआवजा राशि की मांग एवं अस्थाई नौकरी को लेकर धरने पर बैठ गए थे। पत्नी गीता देवी व उसके परिजनों आँसू थमने का नाम नही ले रहे थे, इसको देख लोगों के आंखों से भी आंसू रुकने का नाम नहीं ले रहा था। दो मजदूर के मौत पर डालमिया कंपनी के विरुद्ध शांतिपूर्ण धरना देना भी महंगा पड़ गया, जाप नेता एवं जन संघर्ष समिति के अध्यक्ष तोराब नियाजी कहते हैं कि अफसर सही है और सरकार में बैठे पदाधिकारी आम जनता की नहीं बल्कि पूंजीपतियों के गुलाम हो गए हैं अन्यथा इस तरह का गैर संवैधानिक कार्य खुलेआम नहीं होता। मुकदमा कंपनी प्रबंधन पर करना था तो मुकदमा आंदोलनकारी पर करके कुछ अधिकारी मामले की लीपा -पोती करना चाहते हैं । वही होगी। तोराब नेयाजी प्रदेश अध्यक्ष युवा शक्ति जन अधिकार पार्टी, जीशान अहमद अल्पसंख्यक प्रदेश महासचिव लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास, अली हसन मुखिया संघ अध्यक्ष रोहतास,शत्रुध्न पासवान वार्ड संघ अध्यक्ष रोहतास, रवि पास्- ावान मुखिया प्रतिनिधि बकनौरा पंचायत, रंजित पासवान मुखिया



जिला पार्षद प्रतिनिधि एवं समहुता मुखिया रंजीत पासवान कहते हैं कि अन्याय के विरोध हमारी लड़ाई जारी रहेगी। अमित पासवान और जीशान खान भी प्रशासन के इस कार्रवाई से नाखुश दिखे और कहां के हम बाबा भीमराव अंबेडकर के मानने वाले लोग संविधान और न्यायालय में भरोसा रखते हैं सच्चाई की जीत आदर्श ग्राम पंचायत समहुता, दीपक कुमार पंचायत समिति सदस्य समहुता, सनोज कुमार चंद्रवंशी जिला पार्षद प्रतिनिधि रोहतास, भाजपा नेता विशाल देव एवं भीम आर्मी नेता अमित पासवान समेत अन्य अज्ञात 500 लोगों पर गैर जमानती धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ है।

# सुहागिनों ने हरितालिका तीज पर निर्जला व्रत रख मांगा अखंड सुहाग का वरदान

**दैनिक समाज जागरण अमित कुमार, काराकाट रोहतास**
अखंड सौभाग्य की कामना का परम पावन व्रत हरितालिका तीज सोमवार को भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को विधि-विधान के साथ मनाया गया। हरितालिका तीज व्रत के पवित्र अवसर पर सुहागिनों ने निर्जला उपवास रखकर पति की दीघार्यु, सुख-समृद्धि, उन्नति, प्रगति और यश की कामना भगवान से की। मान्यता के अनुसार मां पार्वती ने इस व्रत को शिवजी को पति के रूप में पाने के लिए किया था। इस व्रत में भगवान शिव और मां पार्वती का पूजन विधि-विधान से किया जाता है। सुहागिनों ने अपने- अपने घरों एवं मंदिरों में विधि-विधान के साथ हरितालिका तीज व्रत की पूजा-अर्चना कर पति के लिए लंबी उम्र की कामना की। सोलह श्रृंगार के साथ तीज व्रत धर्म का पालन करते हुए सुहागिनों ने पूरे भक्ति भाव के साथ हरितालिका तीज व्रत किया गया। पवित्र अवसर पर सौभाग्यवती महिलाओं ने लाल रंग के नये वस्त्र पहनकर, मेंहदी लगाकर, सोलह श्रृंगार किये पुरोहित द्वारा बताये शुभ मुहूर्त में भगवान शिव और मां पार्वती की पूजा-अर्चना किया साथ ही हरितालिका तीज की कथा सुनकर पति के लंबी उम्र की कामना की। तीज पूजन के दौरान सुहागिन महिलाओं ने माता पार्वती पर सुहाग का सभी सामान चढ़ाया और सुख- समृद्धि एवं पति की दीघार्यु की प्रार्थना की। सुहागिनों ने भगवान शिव से सौभाग्य की रक्षा करने की भी मंगल कामना की।

**प्रकृति और प्रेम के भाव से जुड़े सौभाग्यदायिनी व्रत है हरितालिका तीज**

आचार्य पंडित राजू रंजन दुबे बताते है कि प्रकृति और प्रेम के भाव से जुड़े इस पर्व पर महिलाएं शुद्ध मिट्टी से शिव-पार्वती और श्री गणेश की प्रति कात्मक प्रतिमाएं का पूजा किया जाता है । माना जाता हैं कि मां पार्वती और भगवान शिव की पूजा सौभाग्यदायिनी होता है।

**मंदिरों में उमड़ी सुहागिन महिला व्रतियों की भीड़ , दिन भर चलता रहा भजन व आरती**

सोमवार को सुबह से ही गांव से लेकर नगर के विभिन्न शिव मंदिरों में सुहागिन महिला एवं कुंवारी कन्या भक्तों की भीड़ उमड़ी, निर्जला व्रत रखकर महिलाओं व कुंआरी कन्याओं ने शिवजी की पूजा-अर्चना किया। महिलाओं ने भगवान शिव के मंदिरों में भव्य श्रंगार कर पूजन किया। वहीं घरों पर भी पूजा-पाठ जारी रहा। धूप, दीप, फल, मेवा, मिष्ठान इत्यादि से भगवान शिव की आरती की, जबकि कई महिलाओं ने भगवान शिव की कथा भी सुनी । सुहागिनों ने हरितालिका तीज का पर्व श्रद्धा भक्ति के साथ पूजा पाठ कर मनाया।

# रामपुर कोदरकट्टी पंचायत भवन में जन संवाद कार्यक्रम अयोजित

**अररिया।**
विभागीय दिशा निर्देश के आलोक में विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी आम जनों को सुलभ कराने, उनकी प्रतिक्रिया प्राप्त करने तथा जन समस्याओं की जमीनी जानकारी एवं निदान के लिए आज अररिया प्रखंड के रामपुर कोदरकट्टी पंचायत भवन में जन संवाद कार्यक्रम आयोजन किया गया। जन संवाद कार्यक्रम का उद्घाटन जिला पदाधिकारी श्रीमती इनायत खान, पुलिस अधीक्षक श्री अशोक कुमार सिंह एवं उपस्थित माननीय पंचायती राज के जनप्रतिनिधी सहित सभी वरीय पदाधिकारी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत स्कूली बच्चों द्वारा स्वागत गान से किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी श्रीमती इनायत खान ने कहा कि लोगों तक पहुंचने और उनकी समस्या जानने का यह सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि अभी फिलहाल 45 पंचायत को कवर करने के साथ जनसुनवाई का कार्यक्रम तय किया गया है। जिसकी शुरूआत आज इस पंचायत से हुई है। उन्होंने कहा कि जिले के सभी पंचायत को जनसुनवाई अभियान से कवर करने का प्रयास है। जिसमें सरकार की चल रही योजनाएं धरातल पर पहुंच रही है कि नहीं, उसमें क्या कमी है, इसके लिए लोगों से फीडबैक लेना है और उसमें क्या नया किया जा सकता है इसके लिए सुझाव भी प्राप्त करना है। जिलाधिकारी ने कहा कि इसी उद्देश्य के साथ जनसुनवाई की परिकल्पना की गई है। उन्होंने कहा कि जन संवाद कार्यक्रम में जिला स्तरीय अधिकारी अपने-अपने विभाग की योजनाओं के बारे में विस्तार से बताएंगे, ताकि जिन लोगों को योजनाओं के बारे में जानकारी नहीं है वह बारीकी से योजनाओं को जाने। कार्यक्रम को पुलिस अधीक्षक श्री अशोक कुमार सिंह, उप विकास आयुक्त श्री संजय कुमार, अपार समाहर्ता श्री राजमोहन झा, सहित माननीय जनप्रतिनिधि, जिला स्तरीय वरीय पदाधिकारी गण ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में उपस्थित सिविल सर्जन अररिया, जिला भूअर्जन पदाधिकारी अररिया, अनुमंडल पदाधिकारी अररिया, भूमि सुधार उपसमाहर्ता अररिया, अनुमंडल लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी अररिया, जिला सहकारिता पदाधिकारी अररिया,




जिला मत्स्य पदाधिकारी अररिया, जिला पशुपालन पदाधिकारी अररिया, जिला प्रोग्राम पदाधिकारी आईसीडीएस, जिला प्रोग्राम पदाधिकारी जीविका, महाप्रबंधक उद्योग, प्रबंधक डीआरसीसी एवं विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा आम जनों को योजनाओं एवं कार्यक्रमों के बारे जानकारी देते हुए योजनाओं की क्रियान्वयन संबंधी उनके फीडबैक एवं सुझाव भी प्राप्त किए गए। कई मामलों का ऑन द स्पॉट निपटारा भी किया गया। जनसंवाद कार्यक्रम में पिंकी देवी जीविका दीदी द्वारा अपनी आर्थिक स्थिति में सुधार को लेकर बताया गया कि सशक्त जीविकोपार्जन योजना से जुड़कर मैं अपनी आर्थिक स्थिति में काफी सुधार लाई हूं। इसी प्रकार बबीता दीदी द्वारा बताया गया कि दीदी की नर्सरी कर मैं अपनी आर्थिक स्थिति में सुधार लाई हूं। फरजान दीदी ने कहा दीदी की रसोई से जुड़कर अपने परिवार की आर्थिक रूप से मदद कर रही हूं। मिलती दीदी ने जीविका से आर्थिक एवं सामाजिक सशक्तिकरण योजना से प्राप्त लाभ का अनुभव साझा की। जन संवाद कार्यक्रम के दौरान सरकार की मत्स्य पालन की योजनाओं से लाभान्वित श्री फलक लाल विश्वास द्वारा बताया गया कि मत्स्य पालन से आज उनके आर्थिक स्थिति में काफी विकास हुआ है। पहले की अपेक्षा उनकी वार्षिक आमदनी बढ़ गई है। इसी प्रकार श्री प्रीतम माला राम द्वारा बताया गया कि मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के तहत मुझे लाभ प्राप्त हुआ है, जिससे मैं ऑटो गैरेज का संचालन कर रहा हूं। वहीं श्री अमन कुमार यादव उद्योग विभाग से प्रशिक्षण प्राप्त कर मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के तहत पशु आहार उत्पादन उद्योग के स्थापना से संबंधित अपने अनुभव को साझा किया।

# भाजपा कार्यकताओं ने हनुमान चालीसा के पाठ कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दिया जन्मदिन की बधाई

## *बजरंगबली का पूजा अर्चना कर बाटी मिठाईयां, दीघार्यु की किया कामना*

**दैनिक समाज जागरण अमित कुमार रोहतास**
रोहतास जिले के काराकाट प्रखंड अंतर्गत मोथा गांव में भाजपा कार्यकताओं ने बड़ी ही सेवा भाव के रूप में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन मनाया। भाजपा नेता अर्जुन गुप्ता के अध्यक्षता में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 73वां जन्मदिन मनाया गया। पीएम मोदी के छायाप्रति रख कर दीप जलाकर एवं सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ करते हुए हनुमान चालीसा की 101 किताबें लोगों के बीच बांटा। पीएम मोदी के जन्मदिन के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रोहतास जिला भाजपा उपाध्यक्ष प्रमोद सिंह कुशवाहा ने कहा कि आज जहां एक तरफ विपक्ष द्वारा सनातन धर्म को खत्म करने के लिए एक षड्यन्त्र चला जा रहा है। वही हम भाजपाइयों द्वार बजरंगबली की कृपा से सनातन धर्म का ध्वज पूरे विश्व में लहराने के लिए संकट मोचन का पूजा पाठ कर रहे हैं। ताकि भारत वर्ष पर किसी प्रकार की संकट ना आये। वही इस कार्यक्रम के अध्यक्ष अर्जुन गुप्ता ने कहा कि विपक्ष में बैठे हजबंधन, ठगबंधन के लोगों द्वारा सनातन धर्म पर हर रोज प्रहार किया जा रहा हैं। उन्होंने कहा की विपक्षियों द्वारा रामचरितमानस तथा प्रभु श्री राम का विरोध करना विपक्ष की सनातन विरोधी मानसिकता को दशार्ती है। जिस प्रकार आज कल सनातन तथा भारत का विरोध किया जा रहा है वो कही से भी उचित नहीं है। वही लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में आज भारत विश्व गुरु बनाने की ओर तेजी से कदम बढ़ा रहा हैं। उन्होंने कहा की आज 17



सितंबर भगवान विश्वकर्मा की जयंती पर पीएम मोदी ने विश्वकर्मा स्कीम लॉन्च की ताकि कारीगरों और शिल्पकारों के कौशल को बढ़ावा मिल सके। उन्होंने कहा की विश्वकर्मा योजना का उद्देश्य पारंपरिक शिल्प में लगे लोगों का समर्थन करना है। यह स्कीम 13,000 करोड़ रुपये की है, जिससे वर्कर्स, मजदूरों को आर्थिक सहायता देने के साथ-साथ लोन भी उपलब्ध कराई जाएगी। इस योजना के तहत आने वाले कामगारों को 3 लाख रुपये तक का सस्ता लोन दिया जाएगा। इस स्कीम से लोहार, कुम्हार, राज मिस्त्री, धोबी, फूलों का काम करने वाले आदि को फायदा मिलेगा। उन्होंने कहा की प्रधानमंत्री के द्वारा किया गया घोषणा काबिले तारीफ है । काराकाट भाजपा मंडल अध्यक्ष ललित मोहन सिंह ने भी कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में पूरे देश भर में शहीदों के घर से मिट्टी लेकर के हम लोग जिला में भेजेंगे जिला प्रदेश को भेजेगा और प्रदेश केंद्र को भेजेगा इस संकल्प को पूरा करने में भारतीय जनता पार्टी लगा हुआ है। जन्मदिन कार्यक्रम में विनोद पास्- ावान, मुन्ना पांडेय, मनोज साह, ददन पांडेय सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकताओं ने पीएम नरेंद्र मोदी को जन्मदिन की बधाई दी।

# दो पक्षों मे हुवे खूनी संघर्ष मे पांच घायल

**दैनिक समाज जागरण राज कुमार सिंह कोचस रोहतास**
रोहतास जिला अंर्तगत कोचस थाना क्षेत्र के कोचस बाजार मे रविवार के दिन ठेला लगाने को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष हुई जिसमे दोनों पक्ष के कुल पांच लोग बुरी तरह घायल हो गए। इसकी जानकारी देते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर तुषार कुमार ने बताया कि रविवार के दिन कोचस बाजार में ठेले लगाने को लेकर दो पक्षों में मारपीट हुई थी जिसमें दोनों पक्ष के लोग पीएचसी मे प्राथमिक उपचार के लिए आए जहां चिकित्सकों के द्वारा कृष्ण कुमार पिता सुदर्शन साह व सुदर्शन शाह पिता इंद्रदेव शाह, तथा मनोज कुमार पिता सुदर्शन शाह, दूसरा पक्ष रवि कुमार पिता राजेश कुमार, व सुभाष कुमार पिता राजेश सेठ जो की सभी कोचस नगर पंचायत के बताये जाते है जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद इन्हें घर भेज दिया गया। इस संदर्भ में थाना अध्यक्ष अमोद कुमार ने बताया कि थाने को अभी तक मारपीट की कोई जानकारी नहीं मिली है जैसे ही जानकारी मिलती है पुलिस आवदेन प्राप्त कर अपना कार्रवाई करेगी।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया श्री विश्वकर्मा पूजा

**दैनिक समाज जागरण प्रहलाद तिवारी बिक्रमगंज रोहतास**
अनुमंडल मुख्यालय समेत सभी प्र- खंडों के विभिन्न ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में रविवार को शिल्प विद्या अधिष्ठाता भगवान श्री विश्वकर्मा की पूजा पूरे आस्था व श्रद्धा भक्ति के साथ की गई। अनुमंडल मुख्यालय से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न स्थलों पर भव्य पंडाल भी बनाए गए थे। इस दौरान वैदिक मंत्रोच्चारण व हवन से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया था। पूजा के बाद श्रद्धालुओं ने सभी मशीनरी चीजों को विश्राम दिया। कई जगहों पर विभिन्न स्थलों पर भजन- कीर्तन व सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। पूजा को लेकर कम्प्यूटर सेंटर , हार्डवेयर, निजी विद्यालयों के वाहनों , मोटरसाइकिल, साइकिल, ट्रैक्टर्स एजेंसी, मारुति एजेंसी, आटा चक्की, इलेक्ट्रॉनिक दुकान, वेल्डिंग, बस स्टैंडों, फर्नीचर , वाहन गैरेजों आदि दुकानों पर धूमधाम रहा। आमलोगों ने भी अपने मशीनरी उपकरणों की साफ- सफाई कर पूजा- अर्चना किया। इस दौरान पूजा स्थलों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन सेवा भाव के रूप में मनाया गया

**दैनिक समाज जागरण प्रहलाद तिवारी बिक्रमगंज रोहतास**
रविवार को भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन सेवा भाव के रूप में रोहतास जिले के बिक्रमगंज प्रखंड अंतर्गत घुसियां खुर्द गांव में विश्वकर्मा परिवार के बीच अति पिछड़ा मोर्चा के बैनर तले अति पिछड़ा मोर्चा जिलाध्यक्ष नवीनचंद्र साह की अध्यक्षता में मनाई गई। जन्मदिन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बिहार विधान परिषद सदस्य शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र जीवन कुमार व भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिला महामंत्री विजय सिंह,अति पिछड़ा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष रमेश चौहान,जिला उपाध्यक्ष प्रमोद कुशवाहा, बिक्रमगंज नगर अध्यक्ष नागेश्वर कुशवाहा,संजीव कुमार,सनी चंद्रवंशी,सनी चौरसिया,राकेश शर्मा,अवधेश कुमार सिंह,नवनीत साह सहित अति पिछड़ा परिवार उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत प्रधानमंत्री श्री मोदी ने अपने जन्मदिन पर विश्वकर्मा योजना का शुभारंभ किया। जिस कार्यक्रम का लाइव प्रसारण विश्वकर्मा परिवार और ग्रामीण जनताओं ने देखा। मुख्य अतिथि जीवन कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी हमेशा से ही गरीबों के कल्याण करते आए है , उसी कड़ी में र- विवार को प्रधानमंत्री श्री मोदी ने विश्वकर्मा परिवार और 30 लाख परिवारों को 13 हजार करोड़ रुपये का सौगात दिया। साथ ही साथ इस बजट को और बढ़ाने का आश्वासन दिया। प्रधानमंत्री मोदी के बदौलत ही भारत का परचम पूरे विश्व में लहरा रहा है।जिलाध्यक्ष सुशील कुमार ने प्रधानमंत्री मोदी को दीघार्यु होने की कामना करते हुए उनके जन्मदिन पर 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा भाव कार्यक्रम में विशेष रूप से आयुष्मान कार्ड को सफलता पूर्वक बनाने में सहयोग करने की अपील की।

# प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर डा.अशोक यादव ने भगवान विश्वकर्मा से मांगा दीघार्यु का आशीर्वाद

## *आत्मनिर्भर भारत सुशासन और गरीब कल्याण के लिए समर्पित सरकार के लिए की गई प्रार्थना*

**नरपतगंज ।**
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर भाजपा के कद्दावर नेता सह लकवा रोग विशेषज्ञ खरैया निवासी डा.अशोक यादव ने बाबा विश्वकर्मा का पूजा कर पीएम मोदी के दिघार्यु की कामना किया । इस दौरान उन्होंने बाबा से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की अगुवाई में देश को आत्मनिर्भर बनाने सुशासन और गरीब कल्याण के लिए सरकार की प्रतिबद्धता हेतु प्रार्थना की गई । उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी



जी का सपना है कि भारत आत्मनिर्भर बने इस निमित्त हमने प्रभु से उनके उत्तम स्वास्थ्य दीर्घ जीवन का आशीर्वाद मांगा है।

# पूर्णियां विश्वविद्यालय, पूर्णियां के कुलपति प्रो.राजनाथ यादव 23 सितंबर को बीएनएमयू के कुलपति का करेंगे प्रभार ग्रहण

**मधेपुरा।**
पूर्णियां विश्वविद्यालय, पूर्णियां के कुलपति प्रो.राजनाथ यादव 23 सितंबर को बीएनएमयू के कुलपति का प्रभार ग्रहण करेंगे इस आशय का राजभवन से अधिसूचना जारी हुई है। इस बाबत उपकुलसचिव (स्थापना) डॉ. सुधांशु शेखर ने बताया कि पूर्णिया विश्वविद्यालय, पूर्णिया के कुलपति प्रोफेसर राजनाथ यादव 23 सितंबर को बीएनएमयू के कुलपति का प्रभार ग्रहण करेंगे। डॉ. शेखर ने प्रोफेसर आर. के. पी. रमण को उनके अविस्मरणीय



कार्यकाल के लिए बधाई दी है। उन्होंने कहा है कि इनके कार्यकाल में विश्वविद्यालय ने उपलब्धियां प्राप्त की है।

# 890 बोतल कोरेक्स कफ सिरप, 01 कार के साथ 02 तस्कर गिरफ्तार

**फारबिसगंज ।**
नशा के विरूद्ध लगातार प्रहार का कार्य जारी है। इसी कड़ी में फारबिसगंज थाना पुलिस द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर 890 बोतल (प्रत्येक 100 एम एल) कोरेक्स कफ सिरप, 01 कार के साथ 02 तस्करो को रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया और उसे न्यायिक हिरासत अररिया भेज दी गई।




# धर्म और आस्था को सदियों से अक्षुण्ण रखने वाली नारी शक्ति को तीज और चौरचंद की बधाईः कविता मिश्रा

**पूर्णियां।**
सनातन धर्म में हरतालिका तीज व्रत का विशेष महत्व है.हरतालिका तीज व्रत हर साल भाद्रपद शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को रखा जाता है. इसे तीजा पर्व के नाम से भी जाना जाता है. हरतालिका तीज का व्रत आज 18 सितंबर 2023 दिन सोमवार को सुहागिनें अपने पति की लंबी आयु के लिए निर्जला व्रत रखती हैं. वहीं हरतालिका तीज का व्रत कुंवारी कन्याएं मनचाहे वर प्राप्त के लिए रखती है. इस दिन रात भर जागरण कर गौरीशंकर की पूजा का विधान है. आज मिथिलांचल का पर्व चौरचंद भी है। लोग फल लेकर



चंद्र दर्शन करते हैं।धर्म और आस्था को सदियों से अक्षुण्ण रखने वाली नारी को शक्ति समाजसेविका सह पैनोरमा ग्रुप के एमडी संजीव मिश्रा की धर्मपत्नी कविता मिश्रा ने तीज और चौरचंद की बधाई दी।

# सर्जन कार्यालय पूर्णियां में मीडिया कार्यशाला आज

**पूर्णियां।**
स्वास्थ्य विभाग द्वारा 20 सितंबर से आयोजित सर्वजन दवा सेवन (टऊअ) कार्यक्रम को लेकर 19 सितंबर 2023 (मंगलवार) को सिविल सर्जन कार्यालय में 11:00 में मीडिया कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्देश्य मीडिया द्वारा सामुदायिक स्तर पर जागरूकता पहुँचाकर आमलोगों की इस कार्यक्रम में भागीदारी सुनिश्चित करना है। सभी मीडिया कर्मियों से निर्धारित समय में सुनिश्चित स्थल पर पहुँचकर कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन में भागीदारी सुनिश्चित करने का अनुरोध किया गया

# वार्ड सदस्य 20 सितम्बर को प्रखण्ड मुख्यालय में देंगे धरना

**दैनिक समाज जागरण मंटू तिवारी राजपुर रोहतास**
अपनी मांग की आवाज को सरकार तक पहुंचाने के लिए वार्ड सदस्य आगामी बुधवार 20 सितंबर को प्रखंड मुख्यालय में नौ सूत्री मांग को ले धरना प्रदर्शन करेंगे.जानकारी प्रदान करते हुए वार्ड संघ अध्यक्ष रविरंजन कुमार ने बताया कि सरकार ने हम वार्ड सदस्यों के प्रति उपेक्षा की नीति अपना रखी है। जब हमारा कोई काम नहीं था, तो वार्ड सदस्य पद का चुनाव कराने का क्या औचित्य बन रहा था ? विकास के मुद्दों पर हम वार्ड सदस्य अपनी जनता को जवाब नहीं दे पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि गुंगे बहरे को सुनाने के लिए तेज अवाज में चिल्लाना पड़ता है। हमारी मांग को सरकार नहीं सुन पा रही है.प्रदेश इकाई के आह्वान पर वार्ड सदस्यों के नौ सूत्री मांग को सरकार तक पहुंचाने के लिए धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया है।

# विश्कर्मा पूजा पर संस्कृति कार्यक्रम का आयोजन

**दैनिक समाज जागरण विकाश शुक्ला चेनारी रोहतास**
रोहतास जिले के चेनारी में हर साल की भाती इस साल भी विश्वकर्मा पूजा के शुभ अवसर पर कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन एसडीओ उज्जवल कुमार शर्मा ने किया। दूर दराज से आए हुए कलाकारों ने अपना कला प्रदर्शन किया। कार्यक्रम राहुल पैलेस हाल चेनारी में किया गया। विधुत कनिए अभियंता



दयाशंकर राम के सौजन से उपस्थित विजय शंकर सिंह विद्युत कनीय अभियंता शिवसागर धर्मबीर कुमार व कनीय अभियंता तकिया भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में सुपरस्टार कलाकार सर्वजीत सिंह रूपा वर्मा, अक्षरा गुप्ता गायक रंजन तिवारी व विकास पांडे मौजूद थे। हजारों की संख्या में दर्शक झूमते रहे। मौके पर प्रीतम राज बंटी, अनुपम चौबे, अंजनी तिवारी उर्फ बुटन बाबा, अमित यादव, पप्पू सिंह, अमर सोनी, प्रभु कुमार व देवा कुमार मौजूद थे।

# नारायण प्राइवेट आईटीआई संस्थान में दीक्षांत समारोह 2023 आयोजित, प्रशिक्षणार्थियों के बीच किया गया प्रमाण पत्र वितरण

**फुलचांद पारित, समाज जागरण, संवाददाता, नीमडीह**

नीमडीह (झारखंड), 18 सितंबर 2023 : सरायकेला खरसावां जिला अंतर्गत नीमडीह प्रखंड में स्थित एकमात्र तकनीकी प्रशिक्षण संस्थान नारायण प्राइवेट आईटीआई में दीक्षांत समारोह 2023 आयोजित किया गया। इस दौरान विभिन्न ट्रेड से उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थियों के बीच अतिथियों के कर कमलों द्वारा प्रमाण पत्र वितरण किया गया। इसके पूर्व प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पटमदा के जिला परिषद सदस्य खगेन महतो ने कहा कि वर्तमान समय में तकनीकी प्रशिक्षण बहुत जरुरी हो गया है। बेरोजगारी की समस्या को समाधान करने के लिए तकनीकी शिक्षा बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि कुशल लोग बेरोजगार नहीं हो सकते। यदि वे अपना खुद का व्यवसाय शुरू करते हैं, तो वे अन्य शिक्षित लोगों को नौकरी के अवसर प्रदान कर सकते हैं। इस प्रकार तकनीकी शिक्षा हमें बेरोजगारी की समस्या को गंभीरता को कम करने में मदद करती है। तकनीकी शिक्षा किसी देश के विकास के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। समारोह को संबोधित करते हुए विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ पत्रकार सत्येंद्र कुमार ने कहा कि वर्तमान समय में हमारा भारत विकास की ओर बढ़ रहा है कई सुख सुविधाएं हमारे देश को मिल चुकी हैं। अब हमारे देश की तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देने की आवश्यकता है क्योंकि जिस देश में तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा दिया जाता है वह देश विकास की ओर बढ़ता हैं। संस्थान के संस्थापक डा. जटा शंकर पांडे ने कहा कि तकनीकी शिक्षा एक विशिष्ट प्रकार का शिक्षा के रुप है जिनका व्यक्ति और समाज के साथ अभिन्न समन्वय है। जो शिक्षा विशेष व्यावहारिक ज्ञान और कौशल प्रदान करती है, उसे तकनीकी शिक्षा के रूप में जाना जाता है। उन्होंने कहा कि जो शिक्षा शिक्षार्थी को किसी विशेष वृत्ति के समन्वय में ज्ञान एवं कुशलता अर्जित करने में सहायक होती है और पूर्व एवं नव अर्जित दक्षता का प्रयोग कर उस वृत्ति को सुंदर ढंग से संपन्न करने में सक्षम होता है, उसे ही वृत्तिमूलक एवं तकनीकी शिक्षा कहते है। समाजसेवी विश्वनाथ मंडल ने कहा कि तकनीकी शिक्षा के द्वारा व्यक्ति विभिन्न प्रशिक्षण माध्यम से अपना आवश्यकता को पूर्ण कर सकते है। सांस्कृतिक अभिरुचि की पूर्ति के लिए यह शिक्षा आवश्यक है। इस अवसर पर संस्थान कर्मियों सहित काफी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित थे।



# दलमा सेंचुरी में कार्यरत दैनिक भोगी मजदूरों को पांच से छः माह का नहीं मिला मजदूरी, मजदुर भुखमरी के शिकार

**शशि भूषण महतो,दैनिक समाज जागरण, अनुमंडल संवाददाता(चांडिल)**

चांडिल : सराईकेला खरसावां जिला के चांडिल अनुमंडल अंतर्गत दलमा वाइल्ड लाइफ सेंचुरी में कार्यरत दैनिक भोगी मजदूरों को पिछले पांच से छः माह का नही मिला मजदूरीः परिवार के लोग दो जून रोटी के लिए महोताज।

ये सभी कोंकादासा, पिंडरा बेड़ा,मकुलाकोचा चेकनाका , मानगो कार्यालय में दैनिक मजदूर के रूप में पांच से छः माह से काम कर रहे हैं।लेकिन इन्हें मजदूरी नहीं मिला है जिससे उनको जीवन यापन करना मुश्किल हो गया है । डी एफ ओ द्वारा हटा देने की डर से लोगो कार्य करने नही छोड़े ।

दलमा सेंचुरी में ये सभी डेली वेजेज मजदूर बताए जा रहा हैं। पांच से छः माह से मानदेय नहीं मिलने से इनके परिवार को दो जून का भोजन के लिए तरसना पड़ रहा है ।

इन मजदूरों द्वारा वन विभाग में विभिन्न प्रकार की कार्य भी कराया जाता है ।आज विभाग की उदासीनता के कारण पांच से माह से इनका मानदेय लटका हुआ है।

दलमा वाइल्ड लाइफ सेंचुरी में रबी सिंह सरदार ,षष्टी चरण महतो यह लोग के साथ। डेली विजेज पर सन 180/82 से जुड़े हे,उस समय 600 रुपया में मजदूरी पर कार्य किया कुछ वर्ष से 80000 हजार कुछ रुपया मिलने लगा था ।बरसाती मौसम की बीमारी से डेली विजेज के मजदूर के परिवार बायरेल फीवर , डेगू जेसे बीमारी से ग्रस्त है। इलाज के लिए इस मजदूरों को पालतू मुर्गी , बकरी आदि जीवो जंतु को भेज कर ड्रा०से इलाज करते हे।ओर विभाग द्वारा कुछ मजदूरों को चेक दिया हे लेकिन अबतक उनके बैंक खाते में अबतक मानदेय रुपया नही घुसा । पहले विभाग द्वारा मजदूरों को एडवांस



के तौर पर रुपया दिया जाता था ,अब एडवांस के तौर पर रुपया मिलना बंद है।

### क्या है इन मजदूरों का कार्य..?

दलमा मकुलाकोचा चेकनाका में पर्यटकों से सेंचुरी में प्रवेश के दौरान रेविन्यू काटना। हिरण रेस्क्यू में हिरण सामर का देखरेख करना, हाथी रजनी की देखरेख करना । मकुलाकोचा में नाईट गार्ड में ड्यूटी करना, म्यूजियम की देखरेख,मकुला कोचा रेस्ट हाउस में पर्यटक के लिए भोजन बनाना ,साथ ही रेस्टोरेंट में कार्य, रेस्ट हाउस की देख भाल करना, पार्क की देखभाल ,मुख्य गेट खोलना, पर्यटकों घुमाने के लिए गाड़ी की चालक , पिंडराबेड़ा रेस्ट हाउस की देखभाल साथ ही पर्यटक के लिए भोजन बनाना, एंब जंगल की देखभाल , कोंकादासा रेस्ट हाउस की देखरेख, मानगो कार्यालय के साथ मानगो रेस्ट हाउस की देखरेख कुछ मजदूर चालक भी हे।

डेली वेजेज मजदूरों द्वारा सेंचुरी के साथ ऑफिस में भी कार्यरत हैं।कभी भी किसी परिस्थित में सभी कार्य को बेखूबी निभाता है। कुल 48 डेली वेजेज मजदूर है।जो इस उम्मीद पर कार्य करते रहे एक दिन हमे भी कुशल मजदूरों का दर्जा मिलेगा और वन एवं पर्यावरण विभाग द्वारा हमे स्थायी करेगा ।कोई लोग उम्मीद की सहारे ईश्वर के प्यारे हो गए ।

सभी लोगो ने निष्ठा पूर्वक सेवा ही दिए।193.22 वर्ग क्षेत्र फल यह सेंचुरी है। जहां भालू, चिता,रॉयल बंगाल टाईगर,लकड़बग्घा के साथ जंगली जीवजंतु के साथ गज परियोजना में विभिन्न प्रकार।जीवजंतु देखने को मिलता ।एक दिन यह डेली विजेज मजदूर किसी कारण बस यह लोग हड़ताल में चले गए तो वन्य जीव जंतु के साथ पालतू जानवर का क्या होगा । साथ ही आए पर्यटकों का सेवा कौन करेगा ,आज दूरदराज से पर्यटक पहुंचते हे । जिसका देन आज डेली वेजेज मजदूरों का जिसका सिष्टाचार्ज इन लोगो को जाते हे। एक दिन सेवा नही दिया तो सेंचुरी में पर्यटक भ्रमण करने नही पहुंचे ।

वन विभाग द्वारा इन गरीब आदिवासी मजदूरों को हटाने की धमकी दिया जाता है। बड़े बड़े पदाधिकारी दलमा में मनोरंजन के लिए पहुंचते है और आदिवासी मजदूरों से सेवा लेते हैं। उस पल का एहसास नहीं पहुंचा इन लोगो को समय पर मानदेय दिया जाए। दलमा सेंचुरी डीएफओ द्वारा आश्वासन दिया जाता है।आपको वेतन जल्द मिलेगा हमेशा के तरह दुर्गा पूजा के समय ही मिलेगा। यह रूटिंग बन गया । दलमा सेंचुरी में दो रेंज में विभाजित पूर्वी रेंज और पश्चिम रेंज चांडिल जिसके लिए दो दो रेंजर , डीएफओ ,पीसीएफ, सीसीएफ कार्यरत है।बड़े बड़े पदाधिकारी नियुक्ति रहने के बाद इन मजदूरों की यह हाल है।

# ईचागढ़ के सिता नाला व देवलटांड़ जैन मंदिर को पर्यटन के रूप में विकसित करने का निर्णय

*जिला स्तरीय पर्यटन संवर्धन समिति की बैठहक में जिले के कई केंद्र पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने के प्रस्ताव पर लिया गया महत्वपूर्ण निर्णय*

**शेखर सुमन, ईचागढ़, सराईकेला**

सरायकेला - सरायकेला समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त श्री रविशंकर शुक्ला की अध्यक्षता में एवं ईचागढ़ विधायक सविता महतो व विधायक दशरथ गागराई की उपस्थिति में जिला स्तरीय पर्यटन संवर्धन समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान उपायुक्त ने विभिन्न पर्यटन स्थलों के जीर्णोद्धार हेतु किए जा रहें कार्यों की समीक्षा कर निर्धारित समयावधी में कार्य पूर्ण करने तथा कार्यों तथा सामग्रियों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखनें के निदेश दिए।

बैठक के दौरान उपायुक्त ने पूर्व की बैठक में प्रस्तावित कुल 23 पर्यटन स्थलों कि जानकारी साझा कि ।जिसके पाश्चात्य विधायक व विधायक एवं सांसद प्रतिनिधिगण से क्षेत्र कि पर्यटन स्थलों के विकास पर चर्चा हुई ।पर्यटन स्थल के रूप में सीतानाला ईचागढ़/रायगढ़ शिव मंदिर, हरिभान्जा / जगरनाथ मंदिर हरिभान्जा/ मिर्गी चिंगड़ा सरायकेला / पावड़ी मंदिर कुदरसाई, सरायकेला





/ हुड्डी बाबा बड़ाबम्बो, खरसावां* को डी केटेगरी एवं ईचागढ़ के देवलटांड़ जैन मंदिर को सी कैटेगरी के रूप में वर्गकृत करने हेतू अनुसंसित करने के प्रस्ताव पर सर्व सहमति से निर्णय लिया गया।

बैठक के दौरान उपायुक्त नें खरसावां विधायक श्री दशरथ गागराई द्वारा संज्ञान में लाए गए आकर्षिनी मंदिर के हाइमास्क लाइट मरमती की कार्य को आगामी सात दिन में पूर्ण कराने तथा इचागढ़ विधायक श्रीमती सविता महतो द्वारा जायदा मंदिर में विद्युत सम्बन्धित समस्याओं का जाँचोपोरान्त नियमानुसार निष्पादन करने हेतू सम्बन्धित पदाधिकारी को निदेशित किया। वही वित्तीय वर्ष में संचालित सीतारामपुर डैम सौंदर्यकरण कार्य का अनुमंडल पदाधिकारी सरायकेला को औचक निरीक्षण कर कार्य प्रगति एवं गुणवता कि जानकारी प्राप्त करने के निदेश दिए।

बैठक में उपरोक्त के अलावा उप विकास आयुक्त श्री प्रवीण कुमार गागराई, अपर उपायुक्त श्री सुबोध कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी सरायकेला श्री रामकृष्ण कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत, जिला खेल पदाधिकारी तथा सांसद एवं विधायक प्रतिनिधि तथा अन्य सम्बन्धित विभाग के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर छाता मेला में उमड़े दर्शक

**शेखर सुमन,ईचागढ़, सराईकेला**

ईचागढ़ः - सरायकेला खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के मातकामडीह गांव में सोमबार को विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर छाता मेला का आयोजन किया गया। छाता मेला में हजारों की संख्या में दर्शक उमड़े। छाता मेला में मनसा मंगल जांत का भी दर्शकों ने आनंद उठाया। पुजा पाठ के बाद पारम्परिक रूप से जमींदारी प्रथा के अनुसार करीब 40 फीट ऊंची छाता को आशमान में उठाया गया। वहीं मुख्य अतिथि के रूप में



आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव हरेलाल महतो भी मेला में उपस्थित हुए। जन समुह को संबोधित करते हुए हरेलाल महतो ने कहा कि छाता मेला हमारे आस्था से जुड़ा हुआ है ओर इसे हमारे पूवोर्जों के द्वारा प्रत्येक वर्ष किया जाता रहा है। उन्होंने कहा कि इस पर्व को बचाए रखना हम सभों की जिम्मेदारी है।मौके पर सोड़ो पंचायत के मुखिया नयन सिंह मुंडा, उमाकांत महतो,चांडील प्रखंड अध्यक्ष दुर्योधन गोप, ईचागढ़ प्रखंड अध्यक्ष गोपेश महतो, व्यासदेव महतो, बलराम महतो,अश्विनी महतो,भूखल महतो,किरीटी सरकार,गुलाब सिंह मुंडा सहित आयोजन कमिटी के सदस्य उपस्थित थे।

# राहुल पैलेस के सौजन्य से 21 सितम्बर से चांडिल बाजार में चलाएगा स्वच्छता अभियान

**शशि भूषण महतो,दैनिक समाज जागरण,अनुमंडल संवाददाता(चांडिल)**

चांडिल : सराइकेला खरसावां जिला के चांडिल स्थिति राहुल पैलेस के सौजन्य से 21 सितम्बर से लगातार चांडिल बाजार में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। राहुल पैलेस की ओर से अपने स्तर से वाहन देकर कुड़ा कचड़ा पुरे चांडिल बाजार में घुम घुम कर कचड़ा संग्रह कर बाहर फेंकने का कार्य किया जाएगा। सोमवार को राहुल पैलेस के संचालक सह झामुमो नेता सुकराम हेम्ब्रम ने राहुल पैलेस में एक पत्रकार वार्ता में उक्त विषय की जानकारी दिया। उन्होंने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि 21 दिसम्बर से अपने स्तर से एक वाहन दिया जाएगा,जो प्रतिदिन सुबह तांती बांध से बस स्टैंड,चौक बजार ,डैम रोड आदि बस्ती में जाकर कचड़ा संग्रह कर सफाई अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि कचड़े व कुड़े से बाजार को मुक्त कराने के लिए पहल किया जा रहा है। उन्होंने चांडिल वासियों से अपील करते हुए कहा कि अपने आस पास और घरों का कुड़ा कचड़ा को जहां तहां नहीं फेंके, वल्कि 21 सितम्बर से सफाई अभियान को सफल करने के लिए अपने घरों व आसपास के कचरों को सफाई वाहन पर डाल दें। उन्होंने कहा कि साफ सफाई से लोगों को रोग व प्रदुषण से काफी हद तक मुक्ति मिल सकता है।





सुखराम हेम्ब्रम ने कहा कि रोजाना इकट्ठा होने वाले कूड़े कचड़े को आबादी से दूर किसी सुरक्षित स्थान पर डंपिंग किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कूड़े को किसी ऐसे स्थान पर फेंका जाएगा, जिससे किसी को नुकसान नहीं हो। सुखराम हेम्ब्रम ने चांडिल बाजार के लोगों से होटल राहुल पैलेस के ह्लस्वच्छ और स्वस्थ चांडिलह्व के मुहिम में सहयोग करने की अपील की है।

# कुकड़ु में स्वास्थ्य मेला का हुआ आयोजन

*जिप उपाध्यक्ष ने किया मेला का उद्घाटन*

**शेखर सुमन, ईचागढ़, सराईकेला**

ईचागढ़ - सरायकेला खरसावां जिला के कुकड़ु प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का सोमवार को झारखंड सरकार की स्वास्थ्य विभाग की ओर से स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य मेला का उद्घाटन जिला परिषद उपाध्यक्ष मधुश्री महतो ने फीता काट कर व दीप प्रज्ज्वलित कर किया। स्वास्थ्य मेला में विभिन्न रोगों से संबंधित कुल 12 काउंटर लगाया गया। जिसमें क्षय रोग, फाइलेरिया ,चर्म व कुष्ठ, जांच लैब , आंख जांच , महिला एवं शिशु संबंधित रोग का स्टोल लगाया गया। मेला में होम्योपैथी चिकित्सा व मुफ्त दवा का वितरण किया गया।वहीं जिप उपाध्यक्ष ने सभी स्टालों में जाकर



जानकारी लेते हुए निरीक्षण किया। स्वास्थ्य मेला में कई रोगों का जांच किया गया एवं मरीजों को मुफ्त दवा भी दिया गया। वहीं अतिथियों को औषधीय पौधा देकर स्वागत किया गया। वहीं जिप उपाध्यक्ष द्वारा डेंगू, मलेरिया व मौसम जनित रोगों के संबंध में विस्तृत जानकारी दिया गया। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार की ओर से स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि 12 स्टालों में मरीजों का विभिन्न रोगों का जांच व इलाज किया गया। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को स्वास्थ्य मेला में काफी लाभ मिल रहा है व मुफ्त दवा का भी वितरण किया गया। मौके पर बीडीओ राकेश गोप, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा0 दीपक कुमार मांझी, डा0 अनुपम घोषाल,डा0 रवि सिंह,,डा0 ममता मार्डी प्रोग्राम मैनेजर रोशन झां , मुखिया आदि पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# 25 लाभुकों के बीच बांटा गया बत्तख चूजा

**शेखर सुमन, ईचागढ़, सराईकेला**

ईचागढ़ - सरायकेला- खरसावां जिला के कुकड़ू प्रखंड कार्यालय परिसर में सोमवार को मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के अंतर्गत बत्तख पालन को लेकर 25 चयनित महिला लाभुकों के बीच बत्तख चूजा का वितरण किया गया। जिला परिषद उपाध्यक्ष मधुश्री महतो, बीडीओ राकेश कुमार गोप, पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ0 हरेलाल महतो, उप प्रमुख मोहम्मद एकराम,झामुमों प्रखंड अध्यक्ष इंद्रजीत महतो के द्वारा चूजा वितरण किया गया । पशु चिकित्सा पदाधिकारी डा0 हरेलाल महतो ने बताया कि 25 महिला समुह के बीच 25 युनिट बत्तख चूजा का वितरण किया गया। उन्होंने कहा कि जिला परिषद उपाध्यक्ष, बीडीओ,उप प्रमुख के हाथों वितरण किया गया। सभी चयनित लाभुकों को 15-15 बत्तख का चूजा यानी 375 बत्तख चूजा दिया गया । वहीं जिप उपाध्यक्ष मधुश्री महतो ने कहा की सरकार की ये महत्वाकांक्षी योजना है। उन्होंने कहा कि बत्तख पालन , मुर्गी पालन, बकरी पालन,गाय पालन आदि कई योजनाएं चलाई जा रही है, जिसमें महिलाएं भी आत्मनिर्भर हो सकेगी । मौके पर सैकड़ों लोग उपस्थित थे।



# ऊपज परियोजना तहत वितरित किया गया खाद्य सामग्री

**समाज जागरण सत्येन्द्र चौरसिया प्रखंड संवाददाता नौडीहा बाजार**

पलामू (झारखंड) 18सितंबर2023:- जेएसएलपीएस के द्वारा नौडीहा बाजार में चल रहे रहे ऊपज परियोजना के अंतर्गत शाहपुर पंचायत के मंगराडीह आजीविका महिला ग्राम संघठन, हुलसी खुर्द आजिविका महिला ग्राम संघठन और करकटा पंचायत के गम्हरियाडीह आजिविका महिला ग्राम संगठन के नेतृत्व एवं निगरानी में 71 चयनित अति गरीब परिवार के बीच खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। जिसमें अति गरीब परिवार को चावल, दाल, आटा, अंडा, सरसों तेल, चना, सर्फ, और साबुन दिया गया। ऊपज परियोजना समन्वयक नीतीश कुमार ने बताया कि " ऊपज परियोजना के तहत ग्राम संगठन के द्वारा चयनित कुल 1100 अति गरीब परिवार को परियोजना से जोड़ा गया। इन परिवारों के साथ



मिलकर ग्राम संगठन के निगरानी में इन परिवारों का आर्थिक, सामाजिक और आर्थिक विकास किया जायेगा।" खाद्य सामग्री वितरण ग्राम संगठन के पदाधिकारीयों अध्यक्ष रिंकी देवी, कमला देवी,सुचिता देवी सचिव रजमतिया देवी, कामोदी देवी, रेणु देवी कोषाध्यक्ष उषा देवी, जगती देवी, मुनिया देवी के निगरानी में किया गया। पूरे कार्यकर्म को सफल बनने में ऊपज परियोजना अंतर्गत चयनित अति गरीब बदलावकर्ता सुशील कुमार गुप्ता और शंभू कुमार का कार्य सराहनीय रहा।

# प्रखण्ड स्तरीय सिद्धो-कान्हू युवा खेल क्लब के अध्यक्ष बनेःरजनीकांत सिंह

**नंदा रजक, दैनिक समाज जागरण , प्रखण्ड संवाददाता, पटमदा**

पटमदा : सोमवार को बोड़ाम प्रखण्ड सभागार में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के अध्यक्षता में बोड़ाम प्रखण्ड स्तरीय सिद्धो-कान्हू युवा खेल क्लब किया गया है।जिसमें प्रखण्ड के माननीय प्रमुख महोदया श्रीमती ललिता सिंह,अचंल अधिकारी निवेदिता नियती उपस्थित हुई। सबसे पहले प्रखण्ड विकास पदाधिकारी नाजिया अफरोज ने प्रत्येक ग्राम के सिद्धो-कान्हू युवा खेल क्लब अध्यक्ष,उपाध्यक्ष और सचिव को निर्वाचन से संबंधित दिशा-निर्देश जानकारी दी। उसके बाद अध्यक्ष पद के लिए पांच प्रत्याशी ने अपना नाम दर्ज कराया गया।एक प्रत्याशी देवब्रत महतो ने अपना नाम वापस लिया। शेष चार सदस्य में से अध्यक्ष का निर्वाचन किया गया जिसमें राकेश बेसरा को 09 मत, कृष्णा सिंह को 07 मत,शंकर कच्छप को 05 मत एवं रजनीकांत सिंह को 15 मत प्राप्त हुआ। इस तरह रजनीकांत अध्यक्ष बना।उपाध्यक्ष पद के लिए चार प्रत्याशी ने अपना नाम दर्ज कराया। एक प्रत्याशी धीरेन सिंह ने नाम वापस लिया।शेष तीन सदस्य में से उपाध्यक्ष का निर्वाचन किया गया जिसमें राजु सिंह को 11 मत,विनोद सिंह को 10, सोमेन महान्ती को 04 मत इस प्रकार राजु सिंह उपाध्यक्ष बना।सचिव पद के लिए तीन प्रत्याशी ने अपना नाम दर्ज कराया गया।तीन सदस्य में से निर्वाचन किया गया जिसमें पार्थो गोप को 7 मत,मलिन्द्र टुडू को 06, परिमल हेम्ब्रम को 16 मत मिलो । इस प्रकार परिमल हेम्ब्रम सचिव बना।अध्यक्ष,उपाध्यक्ष और सचिव के अलावा प्रखंड क्लब में सात सदस्य शंकर कच्छप,पार्थ गोप,मलिंद्र टुडू, विनोद सिंह, सोमेन महांती, राकेश बेसरा और कृष्णा सिंह को चुनाव गया। सिद्धो-कान्हू युवा खेल क्लब गठन के बैठक में प्रमुख श्रीमती ललिता सिंह,प्रखण्ड विकास पदाधिकारी नाजिया आफरोज,अंचल अधिकारी श्रीमती निवेदिता नियती,प्रखण्ड समन्वयक



पंचायत राज स्वशासन परिषद श्री रामधन हाँसदा, प्रभारी प्रखण्ड कल्याण पदाधिकारी श्री सुधाकर महतो, प्रखंड नाजिर अमूल-अ कुंडुलुना, प्रखंड लिपिक अरुण प्रसाद,पंचायत सचिव संदीप कुमार, सोनिया कुमारी,बोड़ाम प्रखंड के सभी ग्राम के सिद्धो - कान्हू युवा खेल क्लब के पदाधिकारी के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सचिव के साथ- साथ जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# गागीबुरू (बांकादा) में दो दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता 14 और 15 नवंबर को

**नंदा रजक, दैनिक समाज जागरण , प्रखण्ड संवाददाता, पटमदा**

पटमदा : बोड़ाम प्रखंड के बेलडीह पंचायत के गागीबुरू (बांकादा) फुटबॉल मैदान में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दो दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता 14 और 15 नवंबर को कला संस्कृतिक मंच बोड़ाम की ओर से रखा गया है । बिंदास क्लब के विकाश महतो ने कहा की इस प्रतियोगिता मे प्रवेश शुल्क 13,501 रुपया रखा गया है और प्रतियोगिता में विजेता टीम को 1लाख,उपविजेता टीम को 75,000 रुपया, तृतीय और चतुर्थ स्थान प्राप्त करने वाले टीम को 40,000-40, 000रुपया दिया जाएगा। इस प्रतियोगिता में प्रवेश लेने के लिए 7782974505(कृष्णा) और 9771347830(स्वपन कुमार महतो,पूर्व जिला परिषद, बोड़ाम) से संपर्क कर सकते है।

# प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग ने 2 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक विशेष अभियान 3.0 को कार्यान्वित करने के लिए दिशानिर्देश जारी किए

केन्द्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री श्री गिरिराज सिंह के दूरदर्शी नेतृत्व में ग्रामीण विकास विभाग आगामी स्वच्छता अभियान 3.0 के लिए पूरी तरह से तैयार है ताकि स्वच्छता को संस्थागत रूप दिया जा सके और विभाग में तथा इसके स्वायत्त निकाय में लंबित मामलों को कम किया जा सके। प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग (डीएआरपीजी) ने स्वच्छता को संस्थागत बनाने और सरकारी कार्यालयों में लंबित मामलों को कम करने के लक्ष्यों को हासिल करने के लिए 2 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2023 तक विशेष अभियान 3.0 को कार्यान्वित करने के लिए दिशानिर्देश जारी किए हैं। ग्रामीण विकास विभाग (डीओआरडी) उपर्युक्त अभियान 3.0 में भाग ले रहा है, साथ ही अभियान के शुरूआती चरण में भी भाग ले रहा है जोकि 15 सितंबर 2023 से शुरू हुआ है।

ग्रामीण विकास विभाग ने अपने सचिवालय के साथ-साथ अपने प्रशासनिक प्राधिकार के तहत स्वायत्त कार्यालय में 2 अक्टूबर 2022 से 31 अक्टूबर 2022 के दौरान लंबित संदर्भों के निपटान और स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए विशेष अभियान 2.0 में भी भाग लिया। विशेष अभियान के कार्यान्वयन चरण के दौरान वीआईपी संदर्भ, अंतर-मंत्रालयी परामर्श (आईएमसी) संदर्भ, राज्य सरकार के संदर्भ, पीएमओ संदर्भ, लोक शिकायत और लोक शिकायत अपील सहित विभिन्न श्रेणियों में लंबित मामलों का कुशलतापूर्वक निपटारा किया। चिन्हित फाइलों की समीक्षा की गई। अभियान की उपलब्धियों को प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग के लंबित मामलों के निपटान के लिए विशेष अभियान 2.0 (एससीडीपीएम) पोर्टल पर भी अपलोड किया गया।

# एनएचएआई ने बेंगलुरु में मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क विकसित करने के लिए समझौते पर हस्ताक्षर किए

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की शत-प्रतिशत स्वामित्व वाली कंपनी नेशनल हाईवे लॉजिस्टिक्स मैनेजमेंट लिमिटेड (एनएचएलएमएल) ने बेंगलुरु में मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क (एमएमएलपी) के विकास के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए, जिसे सार्वजनिक-निजी भागीदारी (डीबीएफओटी) मॉडल के तहत 1,770 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत पर विकसित करने का प्रस्ताव है। सरकारी एसपीवी, बेंगलुरु एमएमएलपी प्राइवेट लिमिटेड और रियायतग्राही एसपीवी मैसर्स पाथ बेंगलुरु लॉजिस्टिक्स पार्क प्रा. लिमिटेड के बीच समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

एमएमएलपी को कर्नाटक के बेंगलुरु ग्रामीण जिले के मुदेलिंगनहल्ली में 400 एकड़ क्षेत्र में विकसित किया जा रहा है। यह परियोजना पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के तहत देश में लागू की गई पहली और सबसे बड़ी एमएमएलपी बनने की ओर अग्रसर है।

# आकाशीय बिजली गिरने से घटना स्थल पर हुई महिला और बच्चे की मौत।

**समाज जागरण सत्येन्द्र चौरसिया प्रखंड संवाददाता नौडीहा बाजार**

पलामू (झारखंड) नौड़ीहा बाजार प्रखंड के विशुनपुर गाँव के हबरुआ निवासी शिवकुमार राम के 40 वर्षीय धर्मपत्नी गनोरा देवी अपने खेत मे घास काट रही थी उसी क्रम मे करीब तीन बजे अचानक गर्जन के साथ बारिश होने लगा। महिला ने अपनी घास उठा ही रही थी कि उसी उसी क्रम मे बगल मे एक महुआ के पेड़ पर व्रजपात हुआ और महिला न अचेत हो गई आनन फानन मे महिला के इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल छतरपुर ले जाया गया जहा महिला को चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। दूसरा घटना शाहपुर पंचयात के अमावडीह के संजय यादव के एकलावता पुत्र 12 वर्षीय पिंटू कुमार ने अपनी गाय को घर लाने के लिए गया था इस क्रम मे व्रजपात हुई और घटना स्थल पर ही मौत हो गया । बिशनपुर पंचायत के मुखिया जितेंद्र कुमार भारती और शाहपुर पंचायत के पूर्व मुखिया विजय प्रसाद अपने अपने पंचायत में घटना के खबर सुनते ही घटना स्थल पर पहुंच कर अंचल अधिकारी और थाना प्रभारी की तत्काल सूचना दिया । सूचना मिलते ही थाना प्रभारी तत्काल शव अंतिम परीक्षण के सदर अस्पताल मेदिनीनगर भेज दिया ।पंचायत के मुखिया ने मृतक परिजनों का भरोषा दिलाते हुए कहा सरकारी प्रावधान के तहत मिलने वाला लाभ दिलाने के साथ हर संभव मदद करने की बात कहा।

